Drinking water to urban areas in Tamil Nadn

5175. SHRI S. AUSTIN : Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the number of schemes accorded approval for providing drinking water to urban areas, in Tamil Nadu during the last three years;

(b) the funds allocated for the implementation of these schemes, schemewise; and

(c) the towns and cities of the State for whom these schemet have been cleared ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVVELOPMENT (SHRI P. K. THUNGON) : (a) No schemes were accorded approval for providing drinking water to urban areas in Tamil Nadu during 1991-92 and 1992-93. However, in the year 1993-94, 15 towns have been accorded approval for providing! drinking water under the newly launched Aceiilerated Urban Water Supply Programme for towns having population less than 20,000.

(b) and (c) Names of towns and the amonnt allocated against each are given in the Annexure. *[See* Appendix 170, Annexure No. 100].

सरकारी कर्मचारियों के लिए आवासीय योजनाएं

5176. श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में सरकार ने सेवा-निवृत्त हुए सरकारी कर्मचारियों तथा सेवा निवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए अनुप्रयोज्य भिन्न-भिन्न आवासीय योजनाओं की घोषणा की है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और सरकारी कर्मचारियों के बीच इस प्रकार के भेदभाव के कारण क्या हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन) : (क) और (ख) जी, नहीं । सरकार ने सेवा-निवृत्त/सेवा-निवृत्त होने वाले केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए अलग से आवास स्कीमें नहीं बनायी हैं । तथापि केन्द्र सरकार कर्मचारी कल्याण आवास संगठन द्वारा, जो कि सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत एक पंजीकृत सोसायटी है और जिसे भारत सरकार द्वारा, सहायता दी होती है, देश के विभिन्न भागों में चलायी जा रही स्कीमों के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के कर्मचारी जो सेवा निवृत्त हो रहे हैं अथवा 5 वर्ष की अवधि के भीतर सेवा-निवृत्त हुए कर्मचारी मकान अर्जित कर सकते हैं । अतः सरकारी कर्मचारियों के बीच कोई भेद-भाव नहीं किया जाता है ।

राष्ट्रीय पेयजल मिशन

5177. **श्री राम जेठमलानी :**

श्री वीरेन्द्र के. शाह :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि सरकार ने देश में ''राष्ट्रीय पेय जल मिशन'' की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो इस मिशन की स्थापना कब की गई थी और इस मिशन के औसत वार्षिक बजट में कितनी धनराशि रखी गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अंत तक पेय जल की सुविधा प्रदान करने के संबंध में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो देश में उन गांवों की संख्या कितनी है जहां पेय जल की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ङ) वर्ष 1993-94 के अंत तक निर्धारित लक्ष्य का कितना ''प्रतिशत प्राप्त'' किया जा सका है; और

(च) ''राष्ट्रीय पेय जल मिशन'' द्वारा पेय जल की सुविधा प्रदान करने के संबंध में